नोटिस सेमेस्टर परीक्षा 2020

1. सत्र 2019-20 में अध्ययनरत जिन छात्र/छात्राओं की सत्रीय परीक्षायें अभी नही हुई हैं, उनकी सत्रीय परीक्षायें 01 जुलाई से 20 जुलाई 2020 के मध्य ऑनलाइन करायी जायेंगी। सत्रीय परीक्षा का प्रारुप बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Multiple Choice Objective Questions) का होगा। यह परीक्षा 01 घंटे की होगी जिसमें 30 प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। सत्रीय परीक्षाओं के लिये परीक्षार्थी पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले अपने शिक्षक/शिक्षकाओं अथवा विभागाध्यक्षों से सम्पर्क कर परीक्षा तिथि, सिलेबस एवं किस ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा कराई जायेगी इसकी जानकारी प्राप्त करेंगे। इन ऑनलाइन परीक्षाओं में वे विद्यार्थी भी सम्मिलित हो सकते हैं जिन्होने पहले ऑफलाइन परीक्षा दे रखी हैं, किन्तु दुबारा परीक्षा देने के इच्छुक हैं।

2. इन ऑनलाइन सत्रीय परीक्षाओं में यदि कोई परीक्षार्थी किसी कारणवश भाग नही ले पाता है तो विश्वविद्यालय खुलने के बाद सम्बन्धित विभाग द्वारा उसकी ऑनलाइन सत्रीय परीक्षा विश्वविद्यालय में ही कराई जायेगी। तत्पश्चात उसका इस सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।

3. यू0जी0सी0 के दिशानिर्देश के अनुरुप वर्तमान सत्र के छात्र/छात्राओं के लिये सेमेस्टर परीक्षायें आयोजित नही की जायेंगी। उनका परीक्षा परिणाम उनके द्वारा इस सत्र में प्राप्त सत्रीय परीक्षाओं के अंक तथा पिछले सेमेस्टर/सेमेस्टरों में प्राप्त अंको के औसत का योग कर घोषित किया जायेगा। प्रयोगात्मक परीक्षा के लिये पिछले सेमेस्टर/सेमेस्टरों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के प्राप्तांको का औसत तथा सैद्धान्तिक परीक्षाओं के लिये पिछले सेमेस्टर/सेमेस्टरों के प्राप्तांको का औसत लिया जायेगा।

4. जो परीक्षार्थी पिछले सेमेस्टर/सेमेस्टरों के किसी प्रश्नपत्र की परीक्षा में Fail अथवा Absent थे उन्हें भविष्य में होने वाली विश्वविद्यालय की ऑफलाइन परीक्षाओं में नियमानुसार अवसर दिया जायेगा। आगे होने वाली ऑफलाइन परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त अंको के अनुसार इस सेमेस्टर में अंको के औसत के आधार पर दिये गये उनके परीक्षा परिणाम को सुधार दिया जायेगा।

5. परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा (Repeat) स्थिति सामान्य होने पर भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय खुलने के बाद विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षायें दे चुके उन परीक्षार्थियों (Passed out Students) की पुनः परीक्षा के साथ कराई जायेगी। इस रिपीट परीक्षा में अन्तिम सेमेस्टरों के परीक्षार्थी अपने Odd तथा Even दोनो सेमेस्टरों की रिपीट परीक्षा दे सकते हैं। अन्य सेमेस्टर के परीक्षार्थी सिर्फ Even सेमेस्टरों की रिपीट परीक्षा देगें। उनके Odd सेमेस्टर के रिपीट परीक्षा अगली Odd सेमेस्टर की परीक्षा के साथ करायी जायेंगी।

6. विश्वविद्यालय के जिन विभागों में विद्यार्थियों के द्वारा अंतिम सेमेस्टर में लघु शोध प्रबन्ध जमा करने की व्यवस्था है, उनके लघु शोध प्रबन्ध की मौखिक परीक्षाएँ ऑनलाइन माध्यम से आंतरिक परीक्षक द्वारा विभाग स्तर पर सम्पन्न करायी जाएगी। जिन विद्यार्थियों को अपने लघु शोध प्रबन्ध के लिये कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र किसी भी कारण से नहीं मिल पाया है, वे छात्र/छात्रायें अपने द्वारा किये गये लघु शोध कार्य का शपथपत्र विभागाध्यक्ष के पास जमा करेगें। इस कार्यवाही के पूर्ण होने के उपरान्त उनकी मौखिकी परीक्षा विभागीय स्तर पर ऑनलाइन सम्पन्न करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त जिन विद्यार्थियों के लघु शोध प्रबन्ध पूर्ण नही हुए हैं उनके लिए विभाग स्तर पर असाइनमेंट के द्वारा उनका मूल्यांकन कर, इसके अंक परीक्षा नियन्त्रक कार्यालय को भेजे जायेगें।

7. विश्वविद्यालय में पी-एच0डी0 कर रहे शोधार्थियों के लिए 01 जुलाई 2020 से पी-एच0डी0 शोध प्रबन्ध के साथ Anti-Plagiarism का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उसके अभाव में शोध प्रबन्ध मूल्यांकन के लिए नही भेजा जायेगा।

25/6/2020

परीक्षा नियन्त्रक